हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

कार्यसूची

ग्यारहवां सत्र

बुधवार, 2 मार्च, 2016/12 फाल्गुन, 1937(शक्)

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

1. प्रश्नोत्तर:

(1) तारांकित :

दिन के लिए } पृथक सूची में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

(2) अतारांकित :

दिन के लिए } पृथक सूची में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

2. सदन की समिति का प्रतिवेदन :

श्री खूब राम, सभापति, कल्याण समिति, (वर्ष 2015-16), समिति का **24वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 15वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2014-15) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित करेंगे तथा सदन के पटल पर रखेंगे ।

3. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:

श्री सतपाल सिंह सत्ती, " दिनांक 24 फरवरी, 2016 को जिला ऊना में, गांव सानन के एक समारोह में झण्डा चढ़ाने की रस्म के दौरान बिज़ली का करंट लगने से हुई मौतों " से उत्पन्न स्थिति की ओर **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** का ध्यान आकर्षित करेंगे ।

4. नियम-61 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा:

श्रीमती आशा कुमारी, "दिनांक 29 फरवरी, 2016 को उत्तरित तारांकित प्रश्न संख्या 2615 के उत्तर से उत्पन्न विषयों पर चर्चा करेंगी ।

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा:

दिनांक 25 फरवरी, 2016 को **श्री जगजीवन पाल,** सदस्य द्वारा प्रस्तुत तथा **श्री अजय महाजन,** सदस्य द्वारा अनुसमर्थित निम्न प्रस्ताव पर आगे चर्चा:-

> "इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का, दिनांक 25 फरवरी, 2016 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, हृदय से आभार प्रकट करते हैं ।"

शिमला-171 004
दिनांक: 01 मार्च, 2016

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव ।

*****

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)